दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू

सत्र 2024-25

अभ्यास कार्य पत्र (3)

कक्षा: आठवीं **विषय: हिंदी**

प्र०1) ' सहज हिंदी व्याकरण -8 पृष्ठ संख्या -232 पर दिए गए गद्यांश (2) के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :-

बचपन में बालक अबोध होता है। उसे अच्छे-बुरे की पहचान नहीं होती। उसका मन शीशे की तरह स्वच्छ होता है। दूसरों की संगति में उनके कार्यों का अनुकरण करता है। यदि वह अच्छी संगति में रहता है तो उस पर अच्छे संस्कार पड़ते जाते हैं और यदि उसकी संगति बुरी है तो उसकी आदतें भी बुरी हो जाती हैं। हमें यह प्रयास करना चाहिए कि हम निरंतर अच्छे, चरित्रवान एवं कर्त्तव्यनिष्ठ व्यक्तियों की संगति में रहें। यह ध्यान रखना आवश्यक है कि कुसंगति का प्रभाव अधिक तीव्रता के साथ होता है। झूठे और शराबी व्यक्ति दूसरों पर अपना दुष्प्रभाव डालने का भरंसक प्रयास करते हैं। हमें इनसे दूर रहना चाहिए। इन लोगों का साथ सदैव कष्टदायक सिद्ध् होता है। सत्संगति से दुष्ट स्वभाव का व्यक्ति भी सुधर जाता है। महात्मा बुद्ध की संगति में आकर दुष्ट अँगुलिमाल ने नरहत्या को त्याग दिया था।

क) गद्यांश के अनुसार बालक किसकी संगति का अनुकरण करता है ?

अ) केवल अच्छे लोगों का

आ) केवल बुरे लोगों का

इ) दूसरों का

ई) अपने माता-पिता का

ख) हमें किस तरह के व्यक्तियों की संगति में रहना चाहिए?

अ) कर्त्तव्यनिष्ठ

आ) स्वार्थी

इ) चरित्रवान

ई) (अ) तथा (इ) दोनों

ग) महात्मा बुद् ध की संगति का क्या प्रभाव हुआ ?

अ) अँगुलिमाल ने युद् ध किया।

आ) अँगुलिमाल ने नरहत्या छोड़ दी।

इ) अँगुलिमाल ने धन कमाया।

ई) अँगुलिमाल ने संन्यास ले लिया ।

घ) सत्संगति का क्या परिणाम होता है ?

ङ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

प्र०2) दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

क) " तलवार का महत्त्व होता है म्यान का नहीं "- उक्त उदाहरण से कबीर क्या कहना चाहते हैं ? स्पष्ट कीजिए ।

ख) हमें घास की निंदा क्यों नहीं करनी चाहिए ?

ग) ' जीभ फिरे मुख माँहि ' प्रस्तुत पंक्ति का आशय स्पष्ट करें -

प्र०3) निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए -

क) (i) विष्णु (ii) लता (पर्यायवाची शब्द लिखें।)

ख) (i) विस्तार (ii) यद् यपि (विपरीतार्थक शब्द लिखें ।)

ग) (i) जिस की कोई तुलना न हो- (ii)हृदय की बात जानने वाला- (वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखें ।)

घ) (i) मधु (ii) पाल (अनेकार्थक शब्द लिखें ।)

प्र०4) बिजली का अधिक बिल आने के कारण अपने क्षेत्र के बिजली विभागाध्यक्ष को पत्र लिखें ।

प्र०5) सड़क नियमों के लाभ बताते हुए पिता और पुत्र के मध्य हुई बातचीत को 8 से 10 पंक्तियों में संवाद रूप में लिखें।

प्र०6) दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लेखन कीजिए -

" समय ही जीवन है "

संकेत बिंदु:-

★जीवन की तरह बहता समय।

★जो समय नष्ट करता है, उसे समय नष्ट कर देता है।

★जीवन की सफलता का आधार समय।

★समय को खोना, जीवन भर हाथ मलना।